तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 रास गरबा की धूम...



## खबर संक्षेप

### निगम के जोन कार्यालयों में आज लगेगा सत्यापन शिविर

**कोरबा।** नगर निगम के सभी 7 जोन कार्यालयों में 25 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा दिवस शिविरों का आयोजन कार्यालयीन समय पर किया जाएगा। इन शिविरों में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा-इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों का सत्यापन किया जाएगा तथा नवीन पेंशन स्वीकृति हेतु फार्म भराए जाएंगे एवं यू.डी.आई.डी. कार्ड हेतु पंजीयन किया जाएगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा इन योजनाओं के हितग्राहियों से उक्त शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचने का आग्रह किया गया है।

### चेक बाउंस के मामले में दो माह की सजा

**कोरबा।** चेक बाउंस के मामले में मुकेश कुमार साहू उर्फ़ बरबट्टी को माननीय सत्र न्यायालय से 2 माह के सजा एवं 3 लाख 50 हजार रुपए का प्रतिकर राशि जमा करने के दंड से दंडित किया गया। जानकारी के अनुसार आवेदक शैलेश कुमार साहू जो कि आरोपी मुकेश कुमार का भाई है से मुकेश कुमार ने अपने व्यवसाय से संबंधित काम के लिए 3 लाख रुपए उधार लिया था और सिक्योरिटी के रूप में चेक दिया था। मुकेश कुमार साहू रकम लौटाने में आनाकानी करने लगा तब आवेदक शैलेश कुमार साहू सिक्यूरिटी के रूप में दिए गए चेक को भुगतान हेतु बैंक में प्रस्तुत किया। खाते में पर्याप्त राशि न होने के आधार पर चेक बाउंस हो गया। शैलेश कुमार साहू ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोरबा में समक्ष धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया। जिसमें न्यायालय द्वारा आरोपी मुकेश कुमार साहू को 2 माह के साधारण कारावास एवं 3 लाख 50 हजार रुपए के प्रतिकर राशि वापस करने की सजा से दण्डित किया गया है।

### मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन आज

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में सेवा पखवाड़ा सप्ताह अंतर्गत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हरदीबाजार के तत्वावधान में 25 सितंबर की सुबह 7 बजे कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के निवास से आरंभ होगा, जो हरदीबाजार महाविद्यालय तक 5 किमी दौड़ लगाना है। हरदीबाजार से सुबह 6 बजे बस सुविधा है जिससे प्रतिभागी को रेलडबरी ले जाया जाएगा। जिसमें प्रथम आने वाले धावक को 51 सौ रुपए व प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार 31 सौ रुपए व प्रमाण पत्र एवं तृतीय पुरस्कार 21 सौ रुपए व प्रमाण पत्र दिया जाएगा साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### मिनी माता सम्मान हेतु नामांकन कल तक

**कोरबा।** भारत सरकार द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य की एक महिला/अशासकीय संस्था को मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) प्रदान किया जाता है। जिसके तहत एक महिला/संस्था को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाता है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा छान-बीन के बाद सर्वश्रेश्ठ प्रविष्टियां राज्य शासन को भेजी जायेगी। आवेदन पत्र 26 सितम्बर तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा में निर्धारित प्रारूप में जमा किया जा सकता है। निर्धारित प्रारूप हेतु कार्यालय के नोटिस बोर्ड में अवलोकन किया जा सकता है।

## आज बोनस राशि निर्धारण को लेकर दिल्ली में होगी बैठक

# दुर्गा पूजा से पहले अग्रिम बोनस की मांग, श्रमिक संगठनों का हल्ला बोल



प्रदर्शन के दौरान ज्ञापन सौंपते श्रमिक संगठन के पदाधिकारी एवं गेट पर प्रदर्शन करते श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा व दीपका क्षेत्र में कोयला कर्मियों ने दुर्गा पूजा से पूर्व बोनस भुगतान की मांग को लेकर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संयुक्त श्रमिक संगठन ने गेवरा के श्रमिक चौक पर गेट मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और श्रमिकों ने भाग लिया। श्रमिक नेताओं ने साफ कह दिया है कि अगर बोनस अग्रिम रूप से नहीं दिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। हालांकि बुधवार की शाम कलकत्ता हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इंडियन नेशनल माईन वर्कर्स फेडरेशन (इंटक) को बोनस की बैठक में शामिल करने निर्देश दिया है। 25 सितंबर की दोपहर 3 बजे बोनस निर्धारण को लेकर मानकीकरण समिति की बैठक बुलाई गई है। कोल इंडिया प्रबंधन के खिलाफ बोनस भुगतान को लेकर असंतोष अब गहराता जा रहा है। गेवरा, दीपका, कुसमुंडा क्षेत्र के मेन गेट पर संयुक्त श्रमिक संगठनो द्वारा गेट मीटिंग एवं धरना प्रदर्शन किया। उक्त आंदोलन 22 सितंबर को प्रस्तावित माननीकरण समिति की बैठक स्थगित किए जाने के विरोध में आयोजित किया गया। धरना स्थल पर सभी संगठनों ने एकजुट होकर कोल इंडिया और एसईसीएल प्रबंधन से मांग की कि दुर्गा पूजा से पहले सभी कर्मचारियों को बोनस का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। ⏭ शेष पेज 2 पर

#### खास बातें

- गेट मीटिंग आयोजित कर संयुक्त श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों ने खोला मोर्चा
- कोलकाता हाई कोर्ट ने आईएनएमएफ को बैठक में शामिल करने दिया निर्देश

#### आज मानकीकरण की बैठक में बोनस पर होगा फैसला

उल्लेखनीय है कि 22 सितंबर को दिल्ली में आयोजित जेबीसीसीआई 11 की मानकीकरण समिति की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में कोल कर्मियों के बोनस राशि निर्धारण को लेकर फैसला होना था। इस बीच कलकत्ता हाईकोर्ट के डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए आगामी आदेश तक मानकीकरण समिति की बैठक को स्थगित करने का निर्देश जारी किया था। जिसके बाद बोनस निर्धारण को लेकर आयोजित बैठक पर ग्रहण लग गया था, इससे कोल कर्मियों में गहरी नाराजगी देखने को मिली थी। बुधवार को एक बार फिर कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने आदेश जारी किया है कि भारतीय राष्ट्रीय खान श्रमिक महासंघ (आईएनएमएफ) को भी बोनस की बैठक में शामिल करने का आदेश दिया गया है। जिसके बाद अब 25 सितंबर को दोपहर 3:30 बजे मानकीकरण समिति की दोबारा बैठक आयोजित की गई है, जिसमें संभवतः कोल कर्मियों के बोनस राशि का निर्धारण कर लिया जाएगा।

#### केवल बोनस पर विचार के लिए आईएनएमएफ होगा शामिल

कोल इंडिया प्रबंधन ने नोटिस जारी कर कहा है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 24 सितंबर को जारी आदेश में 22 सितंबर के आदेश को संशोधित किया है और भारतीय राष्ट्रीय खान श्रमिक महासंघ (आईएनएमएफ) को जिसका प्रतिनिधित्व इसके महासचिव एसक्यू ज़ामा/मैट 1635/ 2025 में प्रतिवादी संख्या 1 कर रहे हैं, केवल बोनस के मुद्दे पर विचार करने के उद्देश्य से जेबीसीसीआई-11 की मानकीकरण समिति की छठी बैठक में कोयला खदान श्रमिकों के प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने की अनुमति दी है न कि इंटक के प्रतिनिधि के रूप में। मानकीकरण समिति के सभी सदस्यों के साथ-साथ भारतीय राष्ट्रीय खदान श्रमिक महासंघ (आईएनएमएफ) के महासचिव एसक्यू ज़ामा/ प्रतिवादी संख्या 1, जो एमएटी 1635/ 2025 में कोयला खदान श्रमिकों के प्रतिनिधि के रूप में प्रतिनिधित्व करते हैं, न कि इंटक के प्रतिनिधि के रूप में।

## धर्मांतरण को लेकर दो पक्षों में हंगामा दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धर्मांतरण किए जाने के मामले पर एक संगठन के लोग एक बस्ती में पहुंच गए थे। जहां बस्ती में देर रात को दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। जहां जमकर हंगामा भी हुआ। बाद में दूसरे दिन दोनों पक्ष सिविल लाइन थाने पहुंच गए थे जहां भरी गहमागहमी की स्थिति बनी रही। बाद में पुलिस ने दोनों ही पक्षों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पथर्रीपारा बस्ती में धर्मांतरण किए जाने की शिकायत हिंदू संगठन के लोगों को मिली थी। शिकायत मिलने पर देर रात को बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौके पर जा पहुंचे थे और जमकर दोनों पक्ष में हंगामा शुरू हो गया था। जब पुलिस के अधिकारियों तक इस हंगामा की सूचना मिली तब पुलिस अधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची थी और मामले को शांत करने का प्रयास करती रही। घंटों हंगामा होता रहा। घटना के दूसरे दिन बुधवार को बड़ी संख्या में दोनों पक्ष सिविल लाइन थाना पहुंच गए थे और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे थे। इस बीच पुलिस सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर एक दूसरे पक्ष के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस के अधिकारियों ने इस मामले को लेकर कुछ भी कहने से बचते रहे।

## दीपावली पर ठेका श्रमिकों को बोनस दिलाने फेडरेशन 1 ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सरोज राठौर

ठेका श्रमिकों को दशहरा दीपावली पर न्यूनतम बोनस देने, कॉलोनी परिसर में हो रहे रहे लगातार चोरियों, साफ सफाई की चरमराई व्यवस्था, आवश्यकता के अनुरूप श्रमिकों को कार्य पर ना लगाए जाने से कॉलोनी में बढ़ रही गंदगी, विभागीय अस्पताल में शिफ्ट ड्यूटी में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, ओपीडी एरिया में प्रसाधन की व्यवस्था और अस्पताल की समुचित साफ सफाई तथा एक्सपायरी डेट के आसपास की दवाईयों का अधिक मात्रा में वितरण, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के तकनीकी कर्मचारियों को उनकी स्वास्थ्य की दृष्टि से दिए जाने वाले गुड़ के वितरण में हो रहे विलंब जैसे आवश्यक मुद्दों को लेकर फेडरेशन 1 के महासचिव आरसी चेट्टी के निर्देश अनुसार संगठन सचिव सरोज राठौर ने स्थानीय प्रबंधन को पत्राचार कर शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। ज्ञात हो कि विगत कई दिनों से संगठन के संज्ञान में उक्त मुद्दों को लाया जा रहा था, जिस पर संगठन के प्रांतीय संगठन सचिव सरोज राठौर ने पत्राचार कर उक्त मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए पत्राचार किया है और कृत कार्यवाही से संगठन को भी अवगत कराने कहा गया है। उक्त जानकारी प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास द्वारा प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया गया है।

## कालेजों की ग्रेडिंग तय करने के लिए नहीं आई यूजीसी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

शासकीय कालेजों के ग्रेडिंग तय करने के लिए यूजीसी से आने वाली टीम बीते 2 वर्ष से जिले के किसी भी महाविद्यालय का निरीक्षण नहीं की है। जिससे महाविद्यालय को ग्रेडिंग तय होने के बाद मिलने वाली अनुदान राशि नहीं मिल पा रही है। टीम के द्वारा ग्रेडिंग तय करने के लिए भवन खेल मैदान, शैक्षणिक गतिविधियां और संसाधन की रिपोर्ट तैयार की जाती है।

जिले में लगभग 15 शासकीय कालेज संचालित हैं। इनमें से कुछ कालेजों को अब तक उन्हें उनका भवन नहीं मिला है। जिन कालेजों के पास स्वयं का भवन नहीं है उनकी ग्रेडिंग करने में सवाल खड़े हो रहे हैं। 2 वर्ष से किसी भी कालेज की ग्रेडिंग तय नहीं किए जाने से विश्वविद्यालय स्तर पर कालेज के शैक्षणिक स्तर और वहां होने वाली खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां का स्तर पता नहीं चल पाता। कोरोना के बाद से ग्रेडिंग तय करने के लिए केवल एक बार टीम पहुंची थी और उसके बाद उसकी रिपोर्ट पर कुछ चुनींदा कालेजों की ग्रेडिंग तय की गई थी। शेष कालेजों के ग्रेडिंग पर अभी भी संशय बना हुआ है। जिले के सबसे बड़े शासकीय ईवीपीजी कालेज ही एक ऐसा कालेज है जो ग्रेडिंग के लिए तय किए गए मापदण्ड में खरा उतरता है। हालांकि संसाधन व सुविधा के क्षेत्र में शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय भी दूसरा पायदान रखता है जहां शैक्षणिक गतिविधियों और आवश्यक संसाधनों के क्षेत्र में महाविद्यालय प्रबंधन ने छात्राओं को सुविधाएं उपलब्ध कराई है।

#### खास बातें

- महाविद्यालय के भवन, संसाधन का अवलोकन करती है टीम
- ग्रेड तय होने के साथ मिलता है अनुदान

#### इन कालेजों के पास नहीं है अपना भवन

जिले के ग्रामीण अंचलों में उच्च शिक्षा विस्तार के तहत महाविद्यालय प्रारंभ किए गए हैं जिनमें से कुछ को अभी तक अपना भवन नहीं मिला है। स्कूल भवन में चलने के कारण पढ़ाई की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इनमें जटगा एवं बांकीमोंगरा कालेज जो हायर सेकेण्डरी स्कूल के भवन में चल रहा है। इसी तरह उमरेली और रामपुर में शुरु किए गए शासकीय महाविद्यालय भी स्कूल भवन में ही संचालित हो रहे हैं। ऐसे कालेजों का ग्रेडिंग तय होना मुश्किल हो गया है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग*
• डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु

विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

## खबर संक्षेप

### बोलेरो से कुचलकर पिता-पुत्र की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**रामानुजनगर।** बोलेरो से कुचलकर पिता-पुत्र की हत्या करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों को उड़ीसा से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मूंगफली खाने को लेकर हुए विवाद में हत्या करने की बात स्वीकार की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इधर घटना के बाद लापरवाही को देखते हुए एसएसपी ने थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया है। बता दें कि थाना अंतर्गत ग्राम तिवरागुड़ी में खेत से मूंगफली खाने को लेकर हुए विवाद में हत्या का मामला सामने आया था। तिवरागुड़ी निवासी त्रिवेणी कुर्रे आ. लक्ष्मण कुर्रे, उसके पुत्र 19 वर्षीय करण कुर्रे व राजा कुर्रे उर्फ राजा बाबू पर खेत से मूंगफली चुराकर खाने को हुए विवाद के बाद आरोपियों ओम प्रकाश, जयप्रकाश, नर्मदा व बाबुलाल ने अपनी बोलेरो क्रमांक सीजी 15 सी क्यू 7043 से कुचल दिया था। इस घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये थे और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां सूरजपुर जिला अस्पताल में 20 वर्षीय राजा कुर्रे उर्फ राजा बाबू आ. त्रिवेणी कुर्रे की मौत हो गई जबकि त्रिवेणी कुर्रे आ. लक्ष्मण कुर्रे ने भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके साथ ही युवक 19 वर्षीय करण कुर्रे आ. त्रिवेणी कुर्रे का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। इस घटना के बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने घटना की जांच करने के साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद आरोपी पलटी हुई बोलेरो को छोडकर भाग निकले थे। बताया जा रहा है कि आरोपी घटना के बाद अपनी स्विफ्ट कार से भागे थे। ऐसे में पुलिस को कार व अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर उड़ीसा की तरह आरोपियों के भागने की जानकारी मिली जिसके बाद एएसपी संतोष महतो के नेतृत्व में पुलिस ने पीछा कर उड़ीसा के बृजराजनगर में घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी 62 वर्षीय नर्मदा आ. स्व.हरवंश, 60 वर्षीय बाबुलाल आ. स्व. हरवंश, 28 वर्षीय जयप्रकाश आ. नर्मदा व 33 वर्षीय ओमप्रकाश आ. नर्मदा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### सर्पदंश से गंभीर बालक युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** चांदो थाना अंतर्गत ग्राम मडवा निवासी संतोष कुमार आ. रीझू नाग (24 वर्ष) 22 सितंबर को खेत में लगी धान फसल में कीटनाशक छिड़काव करने गया था। जैसे ही युवक खेत में छिड़काव करने लगा तभी जहरीले सांप ने उसके पैर में डस लिया। युवक घर पहुंच कर परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह युवक की मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर निवासी सत्यम राजवाड़े आ. जीतन प्रसाद (6 वर्ष) गत दिन अपने नए घर में टांगी लेने गया था। बालक कमरे में टांगी ढूंढ रहा था तभी जहरीले सांप ने उसके अंगूठे में डस लिया। बालक ने सांप द्वारा डस लेने की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### स्कूल बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, घायल

**कोरबा।** एक तेज रफ्तार बस के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार घायल हो गया जबकि बस में स्कूली बच्चे सवार थे। हालांकि किसी भी बच्चे को चोट नहीं आयी है और देर शाम तक इस मामले में किसी ने पुलिस से मामले की शिकायत नहीं की है। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि कोरबा-सक्ती मार्ग के अंतर्गत आने वाले ग्राम तिलकेजा के समीप एक तेज रफ्तार स्कूल बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मंगलवार की सुबह लगभग 7 बजे बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जहां हादसे के बाद हड़कप मच गया बाइक सवार सड़क किनारे घायल हालत में खून से लतपथ पड़ा हुआ था। वहीं इस हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों की नजर घायल युवक पर पड़ी जहां किसी तरह एंबुलेंस के माध्यम से घायल को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि बस पर लगभग 14 बच्चे बैठे हुए थे।

## निधन

### जसराज जैन



**कोरबा।** वरिष्ठ पत्रकार एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी जसराज जैन 82 वर्ष का रायपुर में निधन हो गया। वे अपने सरल, मृदुभाषी एवं सदैव सहयोगी स्वभाव के कारण सभी के बीच अत्यंत प्रिय थे। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को निवास स्थान से निकाली गई। स्व.जसराज जैन अपने पीछे बेटे सुनील, राजेंद्र, संतोष, बेटी सुनीता, पोते अनुराग आदित्य सहित भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गए है।

### जमनीपाली अग्रवाल सभा द्वारा मनाई गई अग्रसेन जयंती

# मानवता के लिए महाराज अग्रसेन ने अपना जीवन न्यौछावर कर दिया : जालान



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाराजा अग्रसेन जी स्वयं के लिए नहीं वरन औरों के लिए जीये, मानवता के लिए अग्रसेन जी ने अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया।

उक्त बातें दर्री जमनीपाली अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राकेश जालान ने व्यक्त किया। गौरेला पेण्ड्रा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि महाराजा अग्रसेन क साम्राज्य हिसार में आकर रहने वालों को घर एवं रोजगार की व्यवस्था कराकर देते थे। आज भी अग्र समाज सहित अन्य समाजों के लिए पथ प्रदर्शक बने हुए हैं। अग्रवाल सभा दर्री जमनीपाली के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुल देवी माता लक्ष्मी एवं अग्रज महाराजा अग्रसेन जी की तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। अग्रवाल सभा अध्यक्ष प्रेमकुमार अग्रवाल ने अग्रवाल समाज के अग्रबंधुओं से आव्हान करते हुए कहा कि आपके सहयोग से अग्रमंगल भवन परिसर में 8 अतिरिक्त कमरों का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके लिए 4 कमरों के निर्माण के लिए समाज के अग्रबंधुओं ने सहयोग दिया है। 4 कमरों के लिए सहयोग की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश जालान ने 3 लाख रूपये का सहयोग कमरा निर्माण के लिए देने की घोषणा की। कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल एवं अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष संगीता पालीवाल ने भी संबोधित किया। मुख्य कार्यक्रम में माला बनाओ, फैंसी ड्रेस एवं डांस स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व सचिव आशीष बंटी एवं मड़वाड़ी मंच के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया तथा अग्रवाल सभा सचिव मनोज अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पेण्ड्रा अध्यक्ष राकेश जालान मुख्य अतिथि, प्रेमकुमार अग्रवाल अध्यक्ष सहित अग्रवाल महिला मंडल संरक्षक सत्यभामा देवी अध्यक्ष संगीता पालीवाल, अग्रवाल सभा उपाध्यक्ष बैजू अग्रवाल, राजा अग्रवाल, सचिव मनोज अग्रवाल, संरक्षक गौरीशंकर अग्रवाल, महेश अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुरेश ठेकेदार, मड़वाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, मड़वाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के अध्यक्ष मुस्कान अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### अग्रवाल समाज सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी

अग्रसेन सेवा संघ चंद्रपुर द्वारा आयोजित भव्य अग्रसेन जयंती समारोह में दर्री जमनीपाली के मनीष अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में अग्रसेन सेवा संघ, मारवाड़ी युवा मंच, अग्रवाल महिला समिति एवं मारवाड़ी युवा मंच चंद्रहासिनी शाखा के समस्त पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मनीष अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन महाराज का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने समाज में समानता, सहयोग और परोपकार का जो संदेश दिया, वही आज की सबसे बड़ी जरूरत है। समाज तभी प्रगति कर सकता है जब हम सब अपने मतभेद भुलाकर एकता और भाईचारे से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि हमारा अग्रवाल समाज व्यापार, शिक्षा, सेवा और सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहा है। अब समय है कि हम नई पीढ़ी को भी इन मूल्यों से जोड़ें ताकि आने वाले समय में समाज और अधिक मजबूत हो सके। व्यक्तिगत सफलता तभी सार्थक है जब उसका लाभ पूरे समाज को मिले। यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर थोड़ी-थोड़ी सेवा भावना जोड़े तो समाज को नई दिशा और पहचान मिलेगी।



# शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



शिविर में उपस्थित छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कटघोरा नगर स्थित श्री गोपाल मल्टीसिटी हास्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ दिव्या सिंह तथा फिजियोथैरेपिस्ट डॉ जी बी गोस्वामी ने अपनी सेवाएं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रदान की।

इस शिविर में मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता तथा किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों के माता-पिता का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को इस दौरान स्वच्छता के बारे में बताएं। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता क्यों जरूरी है, इसके बारे में विस्तार से समझाया और इस दौरान स्वच्छता बरतने से छात्राएं शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहती हैं। छात्राओं को पूर्ण आहार के बारे में जानकारी देते हुए डाइट में दूध- दही, हरी और पत्तेदार सब्जियां जरूर शामिल करनी चाहिए। कार्यक्रम में मासिक धर्म और किशोरावस्था में आने वाले शारीरिक और मानसिक बदलाव को लेकर पूछे गए छात्राओं के सवालों का सहजता से जवाब दिया। बच्चों के पर्सनल हाइजीन के बारे में सुक्षमता से जानकारी दी। माहवारी के संबंध में समाज में प्रचलित रुढियों तथा अंधविश्वास आदि के संबंध में कोई वैज्ञानिक प्रमाण प्राप्त नहीं होते, इसलिए इस विशेष समय में स्वच्छता नियमों का पालन करके हम स्वस्थ और निरोग रह सकते हैं। डॉ जी बी गोस्वामी ने छात्रों और खिलाड़ियों को खेल के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में बताते हुए उनसे बचने के उपाए बताए। व्यायाम तथा संयमित दिनचर्या का पालन कर हम विभिन्न प्रकार के रोगों से बच सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्मृतिचिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ अनिल पांडेय, डॉ अनु रमन, डॉ अर्चना बोरकर, डॉ रानू राठौर, साक्षी, संजना, प्रियांशु, रिशु, ईशु, साहिल, गौरव तथा समस्त स्वयं सेवक का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार दुबे तथा श्रीमती अंजली ने सभी के सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट किया।

# वल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड व यंग कम्यूनिटी चैंपियन अवार्ड से नवाजे गए राकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरेली




अवार्ड प्राप्त करते राकेश।

नई दिल्ली में नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स 21 से 24 सितंबर तक अपने सिल्वर जुबली उत्सव का आयोजन किया गया। निफा फाउंडेशन के राष्ट्रीय संस्थापक प्रतिपाल सिंह (पन्नू) और राष्ट्रीय अध्यक्ष शेट्टी व प्रियंका बिसा के नेतृत्व में यह आयोजन भारत देश भर के 700 जिले से आये देश के अनेक सस्थाएं जो जनहित मे अपनी सेवा दे रहे है ऐसे संस्था के प्रमुख को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम से नेशनल आवाडियो का स्वागत किया गया जिसमें निःस्वार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष राकेश श्रीवास को 21 सितंबर नई दिल्ली के भारत मंडपम में उद्घाटन समारोह और पुरस्कार समारोह मे राकेश श्रीवास को नेशनल अवार्ड व अंतराष्ट्रीय प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय एकीकृत मंच की रजत जयंती के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया है। चार देशों से आए प्रतिनिधि जापान, मॉरीशस, भारत, इंग्लैंड देश के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया और मॉरीशस देश के राष्ट्रपति की कुछ कारणवश इस कार्यक्रम में नहीं आ पाए जिसके चलते उनके प्रतिनिधी वहां उपस्थित रहे। इंग्लैंड के राष्ट्रपति हेनरी आर.ने भारत के सभी समाज सेवियों को शुभकामना प्रेषित करते हुवे अपने देश के प्रतिनिधी के द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जो उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाता है साथ ही निफा फाउंडेशन के द्वारा यंग कम्यूनिटी चैम्पियन अवार्ड से निःस्वार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष राकेश श्रीवास को नवाजा गया।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर स्कूल में विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा में 10वें आयुर्वेद दिवस की थीम मानव तथा पृथ्वी के लिए आयुर्वेद के संदर्भ में रन फॉर आयुर्वेदा, योग एवं आयुर्वेद पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय द्वारा स्कूली छात्राओं को दौड़ प्रतियोगिता के लिए हरी झंडी दिखाकर रन फॉर आयुर्वेदा का शुभारंभ किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.अनुष्का, द्वितीय कु.पायल केसरवानी एवं तृतीय स्थान कु.दुर्गेश्वरी ने प्राप्त कर पुरस्कार अपने नाम किये।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि आयुर्वेद केवल एक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली नहीं है बल्कि व्यक्ति और पर्यावरण के बीच सामंजस्य का एक विज्ञान है। उन्होंने आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा द्वारा 10वें आयुर्वेद दिवस पर योग, आयुर्वेद सेमिनार में आयुर्वेद के महत्व एवं लाभों पर विस्तृत चर्चा की। दुनियाभर में अव्यवस्थित जीवनशैली और गैर-संचारी रोगों का भार जिस तेजी से बढ़ रहा है, उससे लोग सेहत-देखभाल की इस पारंपरिक उपचार विधा की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला आयुष विभाग की ओर से छात्राओं के लिए प्रश्नावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.प्रीती चंद्रा, द्वितीय स्थान कु.तानिया साहू एवं तृतीय स्थान कु .सपना यादव ने पुरस्कार प्राप्त किये। योग की शक्ति से स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर बच्चों को प्रोत्साहित करने डॉ.निमा तिग्गा, डॉ. आशी केसरवानी, डॉ.सुषमा चौहान द्वारा बच्चों को प्राणायाम एवं योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह ने कहा कि दैनिक जीवन में अच्छे आहार-व्यवहार, योग-प्राणायाम, बेहतर मन-मस्तिष्क का महत्वपूर्ण आधार है। कार्यक्रम में मिडिल स्कूल प्रधानपाठक बी.एल.देवांगन, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं जिला आयुष विभाग से डॉ.राजकुमार यादव, डॉ.शरद कंवर, डॉ.उषा सिंह, डॉ.रितु सिंह, डॉ.बी. डी.नायक, खिलावन सिंह पैंकरा, सत्यनारायण निराला, सत्यजीत कुर्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

# दो दिवसीय समेकित कीट प्रबंधन पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

कृषि विज्ञान केंद्र लखनपुर कटघोरा, कोरबा में दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम खरीफ 2025-26 का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर और कृषि विभाग जिला कोरबा के सयुक्त तत्त्वधान में 22 एवं 23 सितंबर को आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे कुल 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान, किसान उत्पादक संगठन एवं किसान मित्र, महिला समूह के किसान, कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यालय प्रमुख श्री नीरज कुमार सिंह, उप निदेशक (की. वि.), एस. पी. सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, एम. एम. बघेल, सहायक संचालन कृषि के द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी को श्री नीरज कुमार सिंह, उप-निदेशक (की.वि.) ने धान और सब्जी में लगाने वाले कीट और रोगों के लक्षण और उनके प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अलावा कीटनाशकों का सुरक्षित और उचित उपयोग के बारे मे सभी किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ आशीष जायसवाल, स.व.स.अ (पी.पी.), ने किसानों को बीजोपचार का महत्व और मक्का मे लगने विभिन्न प्रकार के कीड़े और रोगों के लक्षण और उनका प्रबंधन के बारे में बताया। श्री कन्हैया लाल वैज्ञानिक सहायक ने आईपीएम तकनीकों से अवगत कराया गया और संबंधित पद्धति को अपनाने के बारे में चर्चा की तथा एन.पी.एस.एस. एप के प्रयोग ओर उनको एप को मोबाइल में डाउनलोड कराया और ऐप की विशेषताओ के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया गया तथा उसी के साथ विभिन्न प्रकार के प्रपंच जैसे की पीले एवं नीले चिपचिपा प्रपंच, फेरोमोन प्रपंच, प्रकाश प्रपंच, फ्रूट फ्लाई प्रपंच आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि डीपीएस कंवर, कृषि विज्ञान केंद्र कोरबा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डा.एसपी सिंह, डीके तंवर, एमएस उर्रे, सुलोचना भूयां, अनामिका निराला, कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री रुपाली कंवर, सुश्री प्रियंका कुर्रे, अविनाश पटेल सहित करतला विकासखंड के कृषि विकास अधिकारी श्री अजय कंवर सहित 09 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने भाग लिया। किसानों को जैव नियंत्रण कारको का ट्राईकोडर्मा एसपीपी और मेटारिजियम एसपीपी का भी वितरण किया गया।

# ग्राम पंचायत बोईदा में महतारी सदन का वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईदा में महतारी सदन का वर्चुअल लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश के 17 जिलों में 51 महतारी सदन का वर्चुअल लोकार्पण किया। कोरबा के कुल स्वीकृत 16 महतारी सदन में से ग्राम पंचायत कनबेरी एवं ग्राम पंचायत बोईदा में नवनिर्मित महतारी सदन के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में माता बहनों को स्वालंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इन भवनों में महिलाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त होंगे बल्कि समाज में सहयोग और सामूहिक रिश्ता को नई दिशा मिलेगी।

## बिजनेस न्यूज

### त्योहारों के बीच जीएसटी में छूट का उपहार, कैलाश ऑटो एजेंसी में जुट रही ग्राहकों की भीड़

**कोरबा।** टीपी नगर स्थित रॉयल एनफील्ड कैलाश ऑटो एजेंसी में त्योहारी सीजन की आहट के साथ ही ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खासकर त्योहारों के अवसर पर जीएसटी में छूट के उपहार ने इस उत्साह को बढ़ा दिया है। भारत सरकार द्वारा 350 सीसी या उससे कम इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर जीएसटी दरों को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने का निर्णय लोगों को अपने सपनों की बुलेट घर ले जाने का सुनहरा मौका साबित हो रही है। इस ऐतिहासिक कदम ने न केवल कीमतों को प्रभावित किया है, बल्कि बाजार में भी एक सकारात्मक माहौल बना दिया है, जिससे बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज होती दिख रही है। रॉयल एनफील्ड कैलाश ऑटो एजेंसी कोरबा के डायरेक्टर आलोक दिवाटे ने बताया कि इस फैसले का सबसे बड़ा असर रॉयल एनफील्ड की सबसे लोकप्रिय 350 सीसी रेंज की बाइक्स पर हो रहा है। हंटर 350, क्लासिक 350, मेटियोर 350, और बुलेट 350 जैसे मॉडल्स की कीमतों में 22 हजार रुपए तक की बड़ी कमी आने का अनुमान है। यह उन ग्राहकों के लिए एक बड़ा अवसर है जो लंबे समय से इन बाइक्स को खरीदने का सपना देख रहे थे। पावरसिटी कोरबा के युवा व्यवसाई एवं ऊर्जावान ऑटोमोबाइल इंजीनियर आलोक ने कहा कि जीएसटी में इस कटौती से ग्राहक बहुत उत्साहित हैं। यह निर्णय हमारी बिक्री को निश्चित रूप से बढ़ावा देगा। हमारे शोरूम में अभी से ही ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है और प्री-बुकिंग में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। ग्राहक न केवल नई कीमतों के बारे में जानकारी ले रहे हैं, बल्कि इस मौके का फायदा उठाते हुए अपनी पसंदीदा बाइक की बुकिंग भी करा रहे हैं।

### सेवा पखवाड़ा पर रक्तदान शिविर का आयोजन

हरदीबाजार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल हरदीबाजार के द्वारा सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम किया गया। जिसमें रक्तदान शिविर, बी पी, शुगर का जांच रामकृष्ण हॉस्पिटल हरदीबाजार में किया गया। जिसमें रक्तदान के लिए 45 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजीव सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल रहे।




## पंडालों में विराजी मां


ज्वारा चौक बस्ती हरदीबाजार में विराजित देवी माँ की प्रतिमा।


शिव चौक बेलाकछार वार्ड क्रमांक 12 में विराजित दुर्गा माता की प्रतिमा।


शंकर चौक वार्ड क्रमांक 16 बेलाकछार में विराजित माँ दुर्गा।


ठाकुर देव चौक वार्ड क्रमांक 14 बेलाकछार में विराजित माता की प्रतिमा।


राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-1।

### निगम आयुक्त ने टीपी नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण

# परिवहन नगर के तीनों पार्किंग एरिया व बस स्टैण्ड की व्यवस्था में लाएं सुधार: आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि कोरबा के परिवहन नगर क्षेत्र में स्थित तीनों पार्किंग क्षेत्रों को व्यवस्थित कराएं, वहां पर डम्प किए गए वाहनों के कबाड़ को पार्किंग से हटवाएं ताकि वाहनों के लिए पार्किंग की समुचित सुविधा बहाल की जा सके। उन्होने टीपी नगर स्थित नया बस स्टैण्ड को व्यवस्थित करने एवं क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त करते हुए बेहतर साफ-सफाई कार्य सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**खास बात**

- साफ सफाई व व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश


निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त व अन्य अधिकारी।

अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सम्पूर्ण टीपी नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त श्री पाण्डेय प्रतिदिन प्रातः अधिकारियों की टीम के साथ कोरबा शहर व निगम के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सड़क, नाली, साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, अतिक्रमण अवैध कब्जे सहित अन्य व्यवस्थाओं से जुडी समस्याओं का जायजा लेते हुए उनका त्वरित निराकरण कराते हैं। इसी कड़ी में निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के टीपी नगर क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर समस्याओं व विकास से जुड़ी आवश्यकताओं का सघन रूप से जायजा लिया, समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, उप अभियंता सोमनाथ डेहरे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। टीपी नगर क्षेत्र मरम्मत कार्यों के लिए काफी संख्या में भारी वाहनों का आना-जाना होता है व वाहनों का मरम्मत कार्य कराया जाता है, इन वाहनों की पार्किंग हेतु उक्त क्षेत्र में तीन पार्किंग बनाई गई थी, किन्तु वर्तमान में तीनों पार्किंग एरियाज अस्त-व्यस्त है, वहाँ पर काफी संख्या में वाहनों के कबाड़ व कंडम वाहन डम्प कर दिए गए हैं, जिससे वाहनों की पार्किंग हेतु पर्याप्त स्थल का अभाव रहता है तथा वाहन चालकों द्वारा अपने वाहन सड़क पर खड़ा कर दिए जाते हैं, इससे आवागमन बाधित होता है, व्यवस्थाएं बिगड़ती हैं व आमजन को अनावश्यक असुविधा होती है। निगम आयुक्त ने भ्रमण के दौरान उक्त तीनों पार्किंग का निरीक्षण किया तथा वहां पर डम्प किए गए वाहनों के कबाड़ व कंडम वाहनों को हटवाने एवं पार्किंग एरियाज को व्यवस्थित करने, आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य कराने, पार्किंग से अतिक्रमण को हटाने के संबंध में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### सीटीयू का ब्यूटीफिकेशन कराएं

निगम आयुक्त ने भ्रमण के दौरान परिवहन नगर क्षेत्र की विभिन्न स्वच्छता लक्षित इकाईयों का अवलोकन किया। उन्होने स्वच्छता लक्षित इकाईयों की सम्पूर्ण रूप से साफ-सफाई करने एवं स्थलों का सौदंर्यीकरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन स्थलों पर थीम आधारित ब्यूटीफिकेशन का कार्य कराएं तथा आमजन को समझाईश दें कि वे स्थलों पर कचरा न डालें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान निगम द्वारा कराए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो एवं विकास कार्यो हेतु प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रगतिरत निर्माण कार्ये की कार्यप्रगति में तेजी लाएं एवं कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखते हुए कार्य कराएं व समयसीमा में कार्यो को पूरा करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि प्रस्तावित एवं स्वीकृत कार्यो की निविदा आदि प्रक्रिया में तेजी लाएं एवं निविदा प्रक्रिया पूर्ण कराकर नये विकास व निर्माण कार्यो को प्रारंभ कराएं।

### बस स्टैण्ड को करें व्यवस्थित

निगम आयुक्त ने टीपी नगर स्थित नया बस स्टैण्ड परिसर का निरीक्षण किया, बस स्टैण्ड में अनियंत्रित रूप से खडे किए गए वाहनों एवं इसके परिणाम स्वरूप वहॉं पर व्याप्त अव्यवस्था पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि वहॉं पर गठित समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ चर्चा कर व्यवस्थाओं को सुधरवाएं, बस, टैम्पो, आटो, रिक्शा आदि विविध प्रकार के वाहनों हेतु पृथक-पृथक जोन निर्धारित करते हुए बस स्टैण्ड में व्यवस्थित रूप से वाहनों की पार्किंग किए जाने हेतु व्यवस्था बनवाएं ताकि बस स्टैण्ड की अस्त-व्यस्त हालत सुधर सके। उन्होने बस स्टैण्ड में शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं व्यवस्थाओं की बेहतरी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियो को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस स्टैण्ड स्थित सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया तथा वहॉं की बेहतर साफ-सफाई व आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जनता यूनियन ने की पावर कंपनी के चेयरमैन से मुलाकात, रखे प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर कार्यालय में पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव से भेंट किया तथा कर्मचारी

**खास बात**

- 141 लाइन कर्मचारियों को टीए टीडी बनाए जाने पर किया गया आभार व्यक्त


मुलाकात करते यूनियन के प्रतिनिधि।

हित के अनेक मुद्दों पर चर्चा की। जनता यूनियन के सदस्यों ने अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव से मैदानी कर्मचारियों की पूर्ति के लिए संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित विद्युत कम्पनी में कार्यरत समस्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने तथा सभी कैडर के विभिन्न पदों की रिस्ट्रक्चरिंग के सम्बंध में चर्चा की एवं मांग पत्र प्रस्तुत किया। इसके अलावा सरगुजा और बस्तर संभाग के लिए वर्ष 2021 में डाटा एंट्री ऑपरेटर के 112 पद पर विज्ञापन के माध्यम से शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया को न्यायसंगत रीति से जल्द पूर्ण करने का निवेदन किया, ताकि कार्यालयीन कर्मचारियों की कमी को पूरा किया जा सके।

प्रस्ताव पर डॉ.यादव ने आश्वस्त किया कि इस विषय पर कम्पनी के अधिकारियों से चर्चा करेंगे एवं विषय का अध्ययन कर आवश्यक पहल करेंगे। सरगुजा एवं बस्तर संभाग हेतु वर्ष 2021 में डाटा एंट्री ऑपरेटर के कुल 112 पद विज्ञापित किये गए थे, जिसकी भर्ती प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज होने के कारण माननीय उच्च न्यायालय ने प्रक्रिया को स्थगित कर दिया था, यह भर्ती प्रक्रिया अद्यतन लंबित है। अंत में जनता यूनियन ने चेयरमैन डॉ.रोहित यादव से आगामी दीपावली त्यौहार के अवसर पर विद्युत कर्मचारियों को 30 हजार रुपये बोनस एक्सग्रेसिया की सौगात देने के लिए निवेदन सह मांग पत्र सौंपा। डॉ.यादव ने बोनस राशि एवं मांग को पत्र में रेखांकित किया तथा विचार करने का आश्वासन दिया। जनता यूनियन के प्रतिनिधिमंडल में अम्बिकापुर शाखा के क्षेत्रीय अध्यक्ष यतींद्र गुप्ता, कोरबा सर्किल अध्यक्ष सम्मेलाल श्रीवास, सचिव घनश्याम गबेल, सूरजपुर जिला उपाध्यक्ष कृतलाल साहू, सदस्य प्रकाश कुमार उपस्थित रहे। संगठन ने चेयरमैन डॉ रोहित यादव को भेंट एवं चर्चा हेतु समय प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। चर्चा प्रारंभ होने के पूर्व यूनियन के सदस्यों ने चेयरमैन सह ऊर्जा सचिव डॉ.रोहित यादव का आईटीआई पास 141 लाइन कर्मचारियों को टीए टीडी बनाये जाने पर आभार व्यक्त किया।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जांच शिविरों में हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण देखभाल और टीकाकरण और पोषण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने, महिलाओं तथा बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना है। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत 17 सितंबर से जिला चिकित्सालय, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य सेवायें सुनिश्चित करने दैनिक स्वास्थ शिविर लगाये जा रहे हैं। शिविरों में रोगों की पहचान, रोकथाम और स्वास्थ संवर्धन पर ध्यान केन्द्रित कर गैर संचारी रोगों, कैंसर एनिमिया, टीबी, सिकल सेल रोग, मातृ एंव शिशु की जॉंच एवं उपचार किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली, जागरूकता और परामर्श सत्र का आयोजन कर जानकारी दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि अक्सर महिलाओं में एनिमिया, पोषण की कमी, महावारी से जुड़ी समस्याएं और सिकल सेल जैसी बिमारियाँ समय पर जाँच नहीं होने की वजह से गंभीर रूप ले लेती हैं। इन समस्याओं को दूर करने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविरों का आयोजन कर महिलाओं में बिमारियों की स्क्रीनिंग कर उपचार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 17 से 22 सितंबर तक लगाये गए शिविरों में 6 हजार 760 महिलाओं का जाँच किया गया जिसमें 860 गर्भवती महिलाओं की जाँच 2 दो 599 एनिमिया जाँच, 1 हजार 993 सिकलसेल जाँच, 1 हजार 209 टीबी जाँच, 4 हजार 119 बीपी जाँच, 3 हजार 970 शुगर जाँच तथा 3 हजार 316 कैंसर जाँच (ओरल, ब्रेस्ट,सर्वाइकल) किया गया। इसके साथ ही 116 वयवंदन कार्ड बने तथा 278 बच्चों को टीकाकृत किया गया। कलेक्टर अजीत वसंत तथा सीएमएचओ डॉ. केशरी ने जिले की महिलाओं, नागरिकों, जनप्रतिनिधयों से स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित हो रहे शिविरों में जाकर जाँच कराने तथा क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ जाँच कराने हेतु आग्रह किया है जिससे उनकी स्वास्थ्य जॉंच हो सके।

# सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत घंटाघर स्थित सियान सदन में आयोजित किए जा रहे स्वास्थ परीक्षण शिविर के अंतिम दिन बुधवार को नगर निगम के बालको,


शिविर में उपस्थित चिकित्सक व सफाई मित्र।

**खास बात**

- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत घंटाघर स्थित सियान सदन में आयोजित किया गया शिविर

दर्री व सर्वमंगला जोनांतर्गत कार्यरत सफाई मित्रों, स्वच्छता कामगारों व स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। शिविर में नेत्र जांच कैम्प भी आयोजित हुआ तथा नेत्रों की जांच की गई। हेल्थ चेकअप के साथ-साथ आवश्यकतानुसार दवाईयों भी उपलब्ध कराई गई।

भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के अंतर्गत शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत नगर निगम द्वारा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में विगत 17 सितम्बर से आगामी 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का कुशल संचालन किया जा रहा है। निगम स्वास्थ अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि अभियान की कड़ी में घंटाघर स्थित सियान सदन में निगम के सफाई मित्रों, स्वच्छता कामगारों व स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ परीक्षण के लिए 22, 23 व 24 सितम्बर को तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के तीसरे व अंतिम दिन बुधवार को निगम के बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन के अंतर्गत कार्यरत सफाई मित्रों, स्वच्छता कामगारों व स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ परीक्षण मोबाईल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ के द्वारा किया गया। शिविर के दौरान स्थल पर नेत्र जांच कैम्प भी लगाया गया था, हेल्थ चेकअप कराने आने वाले लोगों के आंखों की जांच भी चिकित्सकों द्वारा की गई। शिविर में बुखार, मलेडिया, डेंगू, शुगर, लिपिड प्रोफाईल, सी.बी.सी., लीवर, किडनी, पेसाब की जांच, प्रोटीन टेस्ट, बिटामिन बी.-12 जांच सहित 41 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### पीएमएवाई की दी गई जानकारी

सियान सदन में आयोजित शिविर में केन्द्र सरकार के महत्वपूर्ण अभियान अंगीकार का काउंटर भी स्थापित किया गया था, शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी व एएचपी घटकों की सघन जानकारी निगम के सफाईमित्रों, कामगारों व स्वच्छता दीदियों के साथ-साथ शिविर में आने वाले अन्य लोगों को प्रदान की गई तथा योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र प्राप्त करने, आवेदन को भरकर जमा करने आदि की प्रक्रिया के साथ-साथ संबंधित दस्तावेजों व पात्रता आदि के संबंध में भी आवश्यक जानकारियॉं उन्हें मुहैया कराई गई।

# निर्माणाधीन एकलव्य हॉस्टल भवन का कार्य समय पर करें पूर्ण : अजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने पाली विकासखंड में विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम पाली श्रीमती सीमा पात्रे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने पाली में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का लाभ उठा रहे हितग्राही आनंद जायसवाल के घर पहुँचकर योजना से मिल रहे लाभ एवं क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने हितग्राही से पैनल की लागत, उत्पादन क्षमता, सब्सिडी के सम्बंध में चर्चा की। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को सभी लोगों तक योजना की पहुंच बढ़ाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं योजना का प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। ततपश्चात कलेक्टर श्री वसंत ने ग्राम लाफा में निर्माणाधीन एकलव्य हॉस्टल का निरीक्षण कर समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के बात कही।

### पृष्ठ 1 का शेष

## दुर्गा पूजा से...

बुधवार को संयुक्त केंद्रीय श्रमिक संगठन कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष के नाम गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। इसमें साफ कहा गया कि प्रत्येक श्रमिक को कम से कम एक लाख रुपये बोनस अग्रिम रूप से दिया जाए, अन्यथा श्रमिक संगठन आगे की कठोर कार्रवाई करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 22 सितंबर को बोनस भुगतान के संबंध में हुई बैठक बिना किसी निर्णय के समाप्त हो गई। इस पर संगठनों ने कड़ा आक्रोश जताते हुए कहा कि त्योहार नजदीक हैं और श्रमिक अपने परिवारों के साथ इसे मनाने के लिए आर्थिक सहयोग की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ऐसे में प्रबंधन का चुप रहना उचित नहीं है। ज्ञापन सौंपने के बाद गेवरा के श्रमिक चौक पर गेट मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और सैकड़ों श्रमिकों ने भाग लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गेवरा खदान देश की सबसे बड़ी खदानों में से एक है और यहां काम करने वाले श्रमिक दिन-रात मेहनत कर कोयला उत्पादन सुनिश्चित करते हैं। इसके बावजूद बोनस भुगतान में टालमटोल उनकी मेहनत का अपमान है। संयुक्त श्रमिक संगठनों ने प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल निर्णय नहीं लिया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। श्रमिक नेताओं का कहना है कि बोनस केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि सम्मान और मनोबल से जुड़ा मुद्दा है।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/ अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला- कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक /1932/अविअ/वाचक / 2025
पोंड़ी उपरोड़ा दिनांक 21/08/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राजकुमार पिता किशुन राम निवासी सोनपुर तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम फुलसर प.ह. न. 14 रा.नि.मं. कोरबी तहसील पोंड़ी उपरोड़ा जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की संयुक्त खाते की भूमि ख.न. 223/1 रकबा 1.295 हे. भूमि में से रकबा 1.50 ए./0.607 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 25/09/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थानः-पोंडी उपरोडा
दिनांकः- 21/08/2025

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**पोंड़ी उपरोड़ा,**
**जिला- कोरबा (छ0ग0)**




TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप



### जेसीआई लीजेंड ने जनरल बॉडी की मीटिंग में किया लोगों का सम्मान

**कोरबा।** जेसीआई लीजेंड की जनरल बोर्डिंग मीटिंग महाराजा होटल में आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष शिव शंकर अग्रवाल, जेसी अशोक अग्रवाल, जेसी अभिषेक अग्रवाल, जैसीरेट आयुषी गर्ग, सचिव राजेश अग्रवाल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर अशोक बजाज, कोषाध्यक्ष शशि अग्रवाल, आईपीपी राजन बरनवाल, गेस्ट ऑफ़ ऑनर्स सुरेश चावलानी का बुके देकर अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात प्रवीण जाखड़ी के पिता की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इसके साथ ही जैसी राजेश अग्रवाल गायत्री मेडिकल की माता की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा गया। इसके साथ है जैसी जगदीश सोनी को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दिया गया, जेसी आनंद अग्रवाल को बीएनआई के अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी गई। जेसी अजय पांडे, जेसी योगेश जैन, जेसी नवीन अरोड़ा को भारतीय जनता पार्टी में महत्वपूर्ण पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी गई।

### आयकर प्रावधान विशेषकर रिफंड से जुड़े नियमों की दी गई जानकारी



**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर में 23 सितम्बर को आयकर विभाग (अन्वेषण प्रकोष्ठ), बिलासपुर एवं एसईसीएल के संयुक्त तत्वावधान में एक आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में संपन्न हुआ। जिसमें एसईसीएल मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे, वहीं सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और लाइव लिंक के माध्यम से जोड़ा गया। आयकर विभाग (अन्वेषण प्रकोष्ठ) की ओर से सहायक निदेशक रंजन मोहंती एवं सहायक निदेशक प्रकाश चौहान अपनी टीम सहित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से प्रतिभागियों को आयकर से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कर्मचारियों को यह सलाह दी कि वे गलत कटौती का दावा कर या फर्जी रिफंड लेने से बचें, साथ ही धोखेबाज एजेंटों से सावधान रहें। इसके अतिरिक्त उन्होंने आईटीआरयू दाखिल करने की प्रक्रिया एवं निर्धारित समय-सीमा के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की। यह कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, जिसने कर्मचारियों के बीच कर अनुपालन और वित्तीय सतर्कता की भावना को और प्रबल किया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा निवासी ग्रामीण छतराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पुत्र मनोज कुमार सरूता रोजी मजदूरी करने मोटर सायकल ड्रीम योगा क्रमांक सीजी 10 जेड 4405 से आना जाना करता है। 23 सितंबर की सुबह छतराम गाय चराने चला गया था तभी दोपहर लगभग 2:30 बजे छतराम के दामाद ने उसे जंगल मे आकर बताया कि छतराम के पुत्र मनोज का तिवरता में एक्सीडेन्ट हो गया है जिसे ईलाज हेतु सरकारी अस्पताल दीपका लेकर गये है। तब छतराम अपने दामाद के साथ तिवरता बस स्टैण्ड पहुंचा तो वहां बताया गया कि पिकअप क्रमांक सीजी 12 बीएन 4522 का चालक समीर बिंझवार अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मनोज के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 जेड 4405 को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया गया है। घटना के बाद मनोज को एनसीएच अस्पताल ले जाया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी पतासाजी शुरु कर दी है।

### वृद्ध महिला को सर्प ने डसा, मौत

**कोरबा।** जिले में सर्प डसने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। फिर से एक बार 70 वर्षीय वृद्ध महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया था। जब तक महिला को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया महिला की मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र का ग्राम डोंगातरई की है। यहां निवासरत गंगाबाई पटेल पति जनकराम पटेल उम्र 70 वर्ष को एक जहरीले सर्प ने डस लिया था। परिजनों को पता चलने पर उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

## रास गरबा की धूम...



कोरबा। नवरात्रि में इन दिनों रास गरबा की धूम मची हुई है। शिवाजीनगर गरबा डांडिया मैदान में गरबा करती महिलाएं।

### युवक का रास्ता रोककर लूटपाट मामला दर्ज

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिनगर निवासी अमित सिंह पिता स्व. रविन्द्र नाथ सिंह ने थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 सितंबर की रात्रि लगभग 10.15 बजे बालको से अपने निवास स्थान आ रहा था तभी मोबाईल पर फोन आने पर वह सुमेधा नदी के पुल के उपर रुककर बात कर रहा था तभी अमित के पास दो मोटर सायकल में सवार होकर 6 व्यक्ति रुके और अमित के साथ मारपीट करते हुए अमित से उसका होण्डा साईन मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 12 बी.डी. 8261, मोबाइल, नगद 9500 रुपये को लेकर फरार हो गए। अमित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी पतासाजी शुरु कर दी है।

### निर्माण कार्य की समीक्षा में 100 से अधिक टंकियों के अधूरी रहने की जानकारी आई सामने

# जलजीवन मिशन की समय पर पूरी नहीं हो रही पानी टंकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे पानी टंकी के निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने से संबंधी कार्यों की समीक्षा के दौरान यह मामला सामने आया कि पूरे क्षेत्र में 100 से अधिक टंकियों का निर्माण अभी भी पूरा नहीं हुआ है। इनमें एतमानगर प्रोजेक्ट की टंकियां भी शामिल हैं जिसके माध्यम से 200 से अधिक गांवों को पाइप लाइन से पानी पहुंचाया जाएगा।

जिले में लगभग 3 वर्ष से केंद्र सरकार की जलजीवन मिशन योजना के अंतर्गत पानी टंकियों का निर्माण के साथ पाइप लाइन बिछाने और घर घर नल कनेक्शन देने का काम किया जा रहा है। तय समय पर योजना का काम पूरा नहीं होने की स्थिति में दिसंबर 2025 तक योजना का कार्यकाल बढ़ाया गया है। यह योजना का चौथा साल है किंतु मैदानी क्षेत्र की हकीकत यह बयां करती है कि 100 पानी टंकियां ऐसी हैं जो अभी पूरी नहीं हो सकी हैं और जो पूरी हो गई हैं उनसे पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान योजना के कछुआ चाल से चलने के कारण ठेका कंपनियों को नोटिस भी जारी की गई है उसके बावजूद निर्माण कार्यों में प्रगति नहीं आयी। कार्यों में लेटलतीफी करने पर विभाग के द्वारा ठेका कंपनी पर पेनाल्टी लगाने का भी प्रावधान है लेकिन अब तक विभाग के द्वारा किसी भी ठेका कंपनी पर पेनाल्टी लगाने जैसी कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि 3 साल में जिस तरह से योजना के कार्य चल रहे हैं उसके बावजूद पेनाल्टी ना लगाना और बिल भुगतान में रुचि दिखाए जाने को लेकर विभाग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



फाइल फोटो

#### पूर्व अधिकारियों ने नहीं लिया गंभीरता से

योजना के सही ढंग से संचालन को लेकर विभाग में बीते दो वर्ष से पदस्थ रहे ईई एवं एसडीओ स्तर के अधिकारियों ने कार्य को पूरा कराने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। आलम यह है कि जिला मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर दूर भुलसीडीह में बन रही पानी टंकी अभी भी तैयार नहीं हो सकी है। पानी सप्लाई तो दूर की बात इस संबंध में बताया जाता है कि जिस स्थान पर पानी टंकी का निर्माण किया गया है उस स्थान में जलस्रोत बहुत नीचे है जिससे टंकी का भर पाना मुश्किल है। भुलसीडीह की तरह ग्राम पंचायत रजगामार में भी जिस स्थान पर टंकी का निर्माण किया गया है उस स्थान पर भी जलस्रोत नीचे है।

#### 20 प्रतिशत भुगतान ठेका कंपनियों का रोका गया

निर्माण करने वाली ठेका कंपनियों के बिल का 20 प्रतिशत का भुगतान विभाग के द्वारा रोका गया है। समीक्षा के दौरान कार्यों के भौतिक सत्यापन के दौरान भुगतान किए जाने के निर्देश शासन द्वारा किए जाने के बाद जब योजना के कार्यों का मैदानी क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया तो कई स्थानों में पानी टंकियां अधूरी तो कहीं पाइप लाइन बिछाने का काम अधूरा तो कहीं टेप नहीं ही नहीं लगे हैं। ऐसी स्थिति विभागीय अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान मिली थी।

# मुआवजा के लिए शासकीय और निजी भूमि में परिसंपत्तियों के निर्माण पर लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियाँ एस.ई.सी.एल. कोरबा, गेवरा, कुसमुण्डा एवं दीपका विस्तार परियोजना अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में खनन व उससे संबंधित गतिविधियों के लिए अर्जन की प्रक्रिया कोल बियरिंग एक्ट 1957 के तहत पूर्ण की जाती है। उक्त कंपनियों द्वारा कोल बियरिंग एक्ट के अधीन अर्जित क्षेत्रों में धारा 9 (1) के प्रकाशन के बाद भूमि का मुआवजा निर्धारित किया जाता है किन्तु परिसम्पत्तियों का मुआवजा निर्धारण काफी विलम्ब से किया जाता है। इसके कारण दो प्रकार की परिस्थितयॉ निर्मित होती है। जिसमें गांव के मूल निवासियों की परिसम्पत्तियों के मूल्यक्षय होने के कारण उन्हें प्राप्त होने वाले कुल मुआवजे में कमी होती है। कुछ व्यक्तियों द्वारा सिर्फ मुआवजा प्राप्ति के लिए शासकीय एवं निजी भूमि पर निर्माण किया जाता है।

**खास बात**

- कलेक्टर ने एसईसीएल महाप्रबंधकों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

इस संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत ने एसईसीएल कोरबा, गेवरा,कुसमुंडा, दीपका के महाप्रबंधकों को पत्र जारी कर एसईसीएल प्रभावित क्षेत्रों में परिसम्पत्तियों के सर्वेक्षण तथा भुगतान के संबंध में 11 बिंदुओं के दिशा निर्देश जारी कर पालन सुनिश्चित करने कहा है। कलेक्टर द्वारा जारी इस दिशा निर्देश से वे किसान, मूल निवासी जिनकी भूमि का अधिग्रहण हो रहा है उनकी परिसंपत्तियों का सही मूल्य निर्धारण हो सकेगा और कुछ व्यक्तियों द्वारा जो सिर्फ मुआवजे के लिए शासकीय और निजी भूमि पर परिसंपत्तियों का निर्माण करते हैं ऐसे लोगो पर अंकुश लगने के साथ ही शासन की बड़ी राशि की बचत भी होगी। कलेक्टर श्री वसंत द्वारा जारी निर्देश के तहत प्रथम बिन्दु जहां भूमि अर्जन एंव पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की मूल भावना के विपरीत है, वही दूसरे बिन्दु के कारण न केवल शासन पर वित्तीय भार का सृजन होता है बल्कि छत्तीसगढ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पत्र की मंशा के विरूद्ध है। इस हेतु कलेक्टर अजीत वसंत ने एस.ई.सी.एल. प्रभावित क्षेत्रों में अर्जन की प्रक्रिया तेज करने तथा आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से परिसम्पत्तियों के सर्वेक्षण के कारण मुआवजे में गड़बड़ी की शिकायतें, जो ग्रामीणों द्वारा समय-समय पर की जाती है, की पुनरावृत्ति रोकने के लिए एस.ई.सी.एल. प्रभावित क्षेत्रों में भूमि एवं परिसंपत्तियों के सर्वेक्षण, मुआवजा के निर्धारण एवं भुगतान हेतु निर्देश जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत कोल बियरिंग एक्ट 1957 की धारा 4 (1) के प्रकाशन के तत्काल पश्चात परिसम्पत्तियों का सैटेलाईट इमेज/ड्रोन सर्वेक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार अर्जित क्षेत्र में जिन ग्रामों की भूमि का मुआवजा निर्धारित नहीं किया गया, वहां भूमि अर्जन एवं पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की अनुसूची - एक के तहत भूमि एवं परिसम्पत्तियों के मुआवजे का निर्धारण एक साथ किया जाएगा।

# किंग कोबरा आ पहुंचा था सतरेंगा अजगरबहार रोड पर, पर्यटकों की सूझ बूझ से बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगल में मिलने वाला किंग कोबरा एक समय ऐसा था वह मात्र एक ही रेंज में पाया जाता था लेकिन अब इसका कुनबा धीरे-धीरे पूरे वनमंडल में मिलने लगा है जो निश्चित तौर पर वन विभाग के लिए एक अच्छी खबर है। वहीं नया मामला बालको सतरेंगा रोड में सामने आया है। जहां एक विशालकाय किंग कोबरा सड़क के बीचोंबीच पार कर रहा था। जब सतरेंगा से पर्यटकों की टीम वापस लौट रही थी तो उन्होंने इस विशालकाय किंग कोबरा को देखा तो उनके होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए लोगों ने गाड़ियों की रफ्तार को रोका और उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को दी। जैसे ही किंग कोबरा के मिलने की खबर वन विभाग के अफसर के कानों तक पहुंची तो वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और इसी तरह किंग कोबरा का रेस्क्यू कर उसे पुनः जंगल में छोड़ा गया है।

**खास बात**

- लगातार किंग कोबरा का बढ़ रहा है कुनबा



रेस्क्यू करते स्नेक केचर की टीम।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल पसरखेत में पाया जाने वाला किंग कोबरा पहरचित्ती अब बालको रेंज के सतरेंगा मार्ग में भी आ धमका है। बताया जाता है कि एक दिन पहले ही पर्यटकों की टीम घूमने के लिए सतरेंगा गई हुई थी जब वह वापस लौट रहे थे तो उनकी नजर एक किंग कोबरा पर पड़ी। एक विशालकाय भारी भरकम किंग कोबरा को देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल उसे रोड पर आने जाने वाले लोगों की यातायात व्यवस्था को रोका गया और स्नेक रेस्क्यू टीम के सदस्य जितेंद्र सारथी व उनकी टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी डीएफओ कुमार निशांत को दिया फिर उनके निर्देशानुसार और एसडीओ आशीष खेलवार एवं सुर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन में जितेंद्र सारथी अपनी टीम के साथ तुरंत उस स्थान के लिए रवाना हुए। गांव पहुंचने के बाद सबसे पहले पर्यटकों एवं ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर किया गया और फिर तय प्रोटोकॉल के तहत रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद किंग कोबरा का रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के बाद नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया और फिर किंग कोबरा को उसके प्राकृतिक आवास क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का वेज़र व्दारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दो में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
यूरोलॉजी विभाग
- किडनी एवं पेशाब की थैली, अंडकोष एवं प्रोस्टेट कैंसर
- किडनी स्टोन का ईलाज (लेजर/ऑपरेशन द्वारा)
- प्रोस्टेट सर्जरी (दूरबीन एवं ऑपरेशन द्वारा)
- यूरेथ्रोप्लास्टी • किडनी इन्फेक्शन
- लिंग में तनाव की कमी (Erectile Dysfunction)
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
डॉ. संदीप अग्रवाल MS,DNB ( Uro Surgery)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
तिरुपति बालाजी दर्शन हेतु दिसंबर यात्रा के लिए VIP टिकट की बुकिंग 20 सितंबर से पहले अवश्य करवा लें। समय पर बुकिंग करने से आपको बिना किसी परेशानी के दिव्य दर्शन का लाभ मिलेगा।
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक: 26 अक्टूबर 2025, 09 नवंबर 2025, 07 दिसंबर 2025, 21 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)